# जगदंबिका पाल, निशिकांत दुबे और एकनाथ शिंदे समेत 12 सांसदों को मिलेगा संसद रत्न पुरस्कार

नई दिल्ली । इस साल के संसद रत्न पुरस्कारों के लिए 12 सांसदों और चार संसदीय समितियों का चयन किया गया है. निजी संगठन 'प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन' ने एक बयान में बताया कि बीजेपी के जगदंबिका पाल (उत्तर प्रदेश), पीपी चौधरी (राजस्थान), निशिकांत दुबे (झारखंड) और शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे (महाराष्ट्र) पुरस्कारों के लिए व्यक्तिगत श्रेणी में चुने गए सांसदों में शामिल हैं.

प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन की ओर से जारी बयान के अनुसार, प्रवीण पटेल (उत्तर प्रदेश), विद्युत बरन महतो (झारखंड), लुम्बाराम चौधरी (राजस्थान), हेमंत विष्णु सवरा (महाराष्ट्र), स्मिता उदय वाघ (महाराष्ट्र), नरेश गणपत म्हस्के (महाराष्ट्र), मेधा विश्राम कुलकर्णी (महाराष्ट्र) और नरहरि अमीन (गुजरात) को इस साल बजट सत्र के अंत तक संसद में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा.

**चार संसदीय समितियां भी शामिल**

इसके अलावा इस सम्मान के लिए चार संसदीय समितियों को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण पुरस्कार के लिए चुना गया है. इनमें चरणजीत सिंह चन्नी की अध्यक्षता वाली कृषि समिति, भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता वाली वित्त समिति, सप्तगिरि शंकर उलाका की अध्यक्षता वाली ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज समिति और अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता वाली कोयला एवं खान समिति शामिल हैं. इस साल चुने गए चेहरों में देश के कई बड़े और अनुभवी राजनेता शामिल हैं, जिन्होंने लंबे समय तक शासन व्यवस्था को करीब से देखा है. बता दें कि इस गौरवशाली लिस्ट में शामिल जगदंबिका पाल और चरणजीत सिंह चन्नी पूर्व मुख्यमंत्री रह चुके हैं. इनके अलावा गुजरात से आने वाले नरहरि अमीन पूर्व उप मुख्यमंत्री के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं.

संसद रत्न पुरस्कार की शुरुआत साल 2010 में हुई थी और यह पुरस्कार उन सांसदों को दिए जाते हैं जो पारदर्शिता, जवाबदेही और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती देने के लिए संसद में खासे एक्टिव रहते हैं. इसका मकसद सांसदों को प्रोत्साहित करना और जनता के बीच संसदीय कार्यवाही को लोकप्रिय बनाना है. ये पुरस्कार संसद में सक्रियता, बहस में भागीदारी, प्रश्न पूछने और विधायी कामकाज में योगदान के आधार पर प्राइम पॉइंट फाउंडेशन की तरफ से दिया जाता है.

# 43 डिग्री सेल्सियस में झुलस रहा दिल्ली और एनसीआर, हीट वेव ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

नई दिल्ली । उत्तर भारत में भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार जारी है. हीट वेव भी लगातार जारी है. सूर्य देव के तल्ख तेवर देखने को मिल रहे हैं. भीषण गर्मी से लोग का जीना मुहाल हो गया है. दिल्ली एनसीआर सहित नोएडा ग्रेटर नोएडा का तापमान लगभग 43 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है. मौसम विभाग का साफ़ तौर पर यह कहना है कि आने वाले दिनों में इसी तरह का मौसम बना रहेगा. फिलहाल इस भीषण गर्मी से राहत मिलती हुई दिखाई नहीं दे रही. इस भीषण गर्मी से लोगों को काफी दिक्कत होगा सामना करना पड़ रहा है. दिल्ली एनसीआर सहित नोएडा ग्रेटर नोएडा में भीषण गर्मी का कर देखने को मिल रहा है. इस भीषण गर्मी से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. पूरा दिल्ली एनसीआर तंदूर की भट्ठी की तरह उबलने लगा है, और लगातार हीट वेव पड़ने लगी है. भीषण गर्मी का तापमान लगभग 43 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है जो लोगों के लिए बेहद खराब माना जा रहा है. जिससे लोगों का जीना मुहाल हो गया है. लोगों के स्वास्थ्य पर इसका असर देखने को मिल रहा है. वहीं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का साफ तौर पर यह कहना है कि आने वाले दिनों में मौसम और रुला सकता है, हीट वेव और बढ़ सकती हैं. तापमान का ग्राफ भी और बढ़ सकता है. इसलिए लोगों से या अपील है कि वह



अपने घर से अधिक जरूरी काम होने पर ही घर से बाहर निकले वरना घर से बाहर न निकले. जो लोग घर से बाहर निकल रहे हैं. अपने चेहरे को कपड़े से ढ्क कर और सनग्लासेस लगाकर व छाता लेकर चले, अपने साथ पानी की बोतल लेकर चलें ताकि आप लोग बढ़ते भीषण गर्मी और हीट वेव से बच सके. फिलहाल अभी इस भीषण गर्मी से राहत मिलती हुई दिखाई नहीं दे रही. आने वाले दिनों में गर्मी और रुला सकती है. सड़क पर इक्का दुक्का लोग ही चल रहे हैं और जहां वाहनों की लंबी कतारें लगी होती थीं, वो अब खाली हैं. लेकिन भीषण गर्मी के चलते सड़कों पर कम लोग ही दिखाई दे रहे हैं. तो कहीं ना कहीं भीषण गर्मी से लोग फिलहाल बचते हुए दिखाई दे रहे हैं.

# सड़कों पर धूल-धुएं को रोकेंगे एयर प्यूरीफायर- सीएम ने अल्ट्रा-मॉडर्न प्रदूषण नियंत्रण तकनीकों का किया निरीक्षण

नई दिल्ली । सड़कों पर देसी तकनीक के इस्तेमाल से हवा में फैले धुएं, धूल और जहरीले कणों को खत्म किया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी में लगाए गए तीन आधुनिक एयर प्यूरीफिकेशन सिस्टम का ग्राउंड निरीक्षण किया और कहा कि अब प्रदूषण के खिलाफ सरकार सालभर मिशन मोड में काम करेगी। निरीक्षण के दौरान पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने रामा रोड स्थित सत गुरु राम सिंह मार्ग पर लगाए गए एसटीआर-101 फिल्टर रहित एयर प्यूरीफायर सिस्टम का निरीक्षण किया। सड़क के बीचों-बीच बिजली के खंभों पर इसकी 21 डिवाइस लगाई गई हैं। यह सिस्टम हवा में मौजूद पीएम 1, पीएम 2.5, पीएम 10, धूल, धुआं और कार्बन कणों को कम करने के लिए तैयार किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक इसकी हाई-फ्रीक्वेंसी चिप तकनीक बैक्टीरिया और वायरस को भी निष्क्रिय करने में सक्षम है। यह प्रणाली प्रति घंटे करीब तीन लाख लीटर हवा को प्रोसेस कर सकती है। इसमें किसी पारंपरिक फिल्टर की जरूरत नहीं पड़ती। यह पूरी तरह ऑटो-क्लीनिंग और कम रखरखाव वाली तकनीक है, जिसमें आईओटी आधारित लाइव मॉनिटरिंग सिस्टम भी लागू है। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रदूषण के खिलाफ अभियान केवल सर्दियों तक सीमित नहीं रहेगा। सरकार पूरे साल तकनीक, रिसर्च और इनोवेशन से समाधान पर काम करेगी। मेक इन इंडिया के तहत विकसित स्वदेशी तकनीकें पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका निभा रही हैं। दिल्ली सरकार ऐसी तकनीकों को बड़े स्तर पर अपना रही है। मुख्यमंत्री ने कीर्ति नगर से मायापुरी मार्ग पर लगी देश की पहली ईवी एंटी स्मॉग गन के काम को देखा। यह मोबाइल और जीरो एमिशन सिस्टम जरूरत के हिसाब से अलग-अलग इलाकों में इस्तेमाल हो सकती है। यह हाई प्रेशर पंप और हाई स्पीड फैन की मदद से बेहद महीन जल कणों का छिड़काव करती है, जिससे हवा में मौजूद धूल और प्रदूषक नीचे बैठ जाते हैं।

अधिकारियों के मुताबिक यह तकनीक क्लीन एयर कॉरिडोर बनाती है, जिससे ट्रैफिक वाले इलाकों में दृश्यता और वायु गुणवत्ता दोनों बेहतर होंगी। निरीक्षण करते हुए तीसरा पड़ाव कीर्ति नगर फायर स्टेशन के पास लगाया गया पवन-3 रोडसाइड एयर पॉल्यूशन कंट्रोल डिवाइस रहा।

## 48 घंटे में1 करोड़ की हाई-प्रोफाइल चोरी का खुलासा, एक दबोचा; सोना-चांदी, हीरे के गहने और नकदी बरामद

नई दिल्ली । दक्षिण दिल्ली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 48 घंटों के भीतर ग्रेटर कैलाश में हुई 1 करोड़ रुपये की हाई-प्रोफाइल चोरी के मामले को सुलझा लिया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने चोरी किए गए सोने, हीरे और चांदी के आभूषणों के साथ-साथ ?3.57 लाख नकद भी बरामद किए हैं। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, 20 मई को ग्रेटर कैलाश पुलिस थाने में पम्पोश एन्क्लेव में हुई एक बड़ी चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि दिन के समय घर बंद था और रात में लौटने पर ताले टूटे हुए पाए गए और लगभग 1 करोड़ के सोने, हीरे और चांदी के आभूषणों के साथ-साथ 6.5 लाख नकद भी चोरी हो गए थे। इसके तुरंत बाद ग्रेटर कैलाश पुलिस थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। इस मामले की जांच के लिए दो विशेष टीमें गठित की गईं।दोनों टीमों ने तकनीकी निगरानी स्थानीय खुफिया जानकारी और सीसीटीवी फुटेज के गहन विश्लेषण का इस्तेमाल करते हुए एक सघन जांच शुरू की। 250 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया और आरोपी की लगभग 10 किलोमीटर तक की आवाजाही को ट्रैक किया गया। खुफिया सूचना के आधार पर 22 मई को एक छापा मारा गया और आरोपी सांवरा गुर्जर उर्फ सुनील को गिरफ्तार कर लिया गया। गहन पूछताछ के दौरान उसने अपराध करने की बात स्वीकार कर ली। उसकी निशानदेही पर चोरी किए गए सोने, हीरे के आभूषणों और नकदी की भारी मात्रा में बरामदगी की गई।

# दिल्ली हाईकोर्ट का बड़ा फैसला- प्राइवेट स्कूल अब बिना सरकारी मंजूरी बढ़ा सकेंगे फीस

नई दिल्ली । दिल्ली हाई कोर्ट ने प्राइवेट स्कूलों को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने एक फैसले में कहा कि बिना शिक्षा विभाग से मंजूरी लिए फीस बढ़ा सकते हैं कोर्ट ने इसकी मंजूरी दे दी है। हालांकि कोर्ट ने कहा कि डीओई को सौंपे बयानों में स्कूलों की ओर से प्रस्तावित फीस में बढ़ोतरी 2027 के शैक्षणिक सत्र से ही लागू होगी। कहा कि किसी भी स्कूल को पिछले शैक्षणिक सत्रों के लिए फीस या अन्य चार्जेस का कोई भी बकाया मांगने या वसूली नहीं कर पाएगा। बेंच ने यह साफ किया कि जो स्कूल किसी एकेडमिक सेशन की शुरुआत में फीस बढ़ाते हैं। उन्हें सेशन शुरू होने से पहले डीओई को प्रस्तावित फीस का एक स्टेटमेंट जमा करना होगा।

**फैसले से रेगुलेटरी सुरक्षा कमज़ोर हो सकती**

वहीं इस आदेश के बाद माता-पिता ने चिंता जताई और कहा कि इस फैसले से रेगुलेटरी सुरक्षा कमज़ोर हो सकती है। उनका मानना है कि वे विरोध करने और नियमों को चुनौती देने के लिए सड़कों पर उतर सकते हैं। इस ऑर्डर को बहुत बड़ा झटका बताते हुए, 115 द्वारका के एक स्टूडेंट ने कहा, हम (पेरेंट्स) चिंतित हैं कि पहले से मौजूद स्कूलों को अब सिर्फ़ उनके प्रस्तावित स्ट्रक्चर को मानने से फ़ीस बढ़ाने की लगभग पूरी पावर मिल जाएगी। उन्होंने कहा, अगर ऐसे सुरक्षा उपाय कमज़ोर किए गए तो आर्थिक रूप से कमजोर और सामाजिक सुरक्षा जैसे प्रावधान भी खतरे में आ सकते हैं। यह क्लॉज़ दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी जैसी एजेंसियों द्वारा प्राइवेट स्कूलों को रियायती दरों पर इंस्टीट्यूशनल ज़मीन देते समय लगाई गई अलॉटमेंट शर्तों से निकला है। इन शर्तों ने बड़े स्कूलों को बिना किसी छूट के ट्यूशन फ़ीस बढ़ाने से रोक दिया है। यह आदेश कैपिटल में प्राइस स्कूल द्वारा सभी कानूनी पसंदों को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद की पृष्ठभूमि में है, जिसके कारण माता-पिता बार-बार विरोध प्रदर्शन करते रहे हैं। इस विवाद ने सरकार को दिल्ली स्कूल बिजनेस (पारदर्शिता और शिक्षा का विनियमन अधिनियम, 2025) लाने के लिए भी प्रेरित किया, जिसमें स्कूल-स्तरीय विनियमन समितियों, अभिभावक समितियों और जिला-स्तरीय पैनल द्वारा फीस में कमी लाने का प्रावधान है। हालांकि, 2026-27 के अकादमिक सत्र के लिए कमेटी-बेस्ड सिस्टम के रोलआउट को इस साल चुनौती दी गई है, या दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा पिछले साल की तरह ही फीस लेने की अनुमति वाले स्कूलों के साथ नए कानून के तहत मंजूरी दी गई है। कुछ प्रतिनिधियों ने कहा कि इस फैसले ने अनिश्चितता को और बढ़ा दिया है, जबकि कई परिवार पहले से ही फीस के विवादों से जूझ रहे हैं।

दिल्ली पेरेंट्स एसोसिएशन की प्रेसिडेंट ने कहा, इस फैसले से पेरेंट्स के पास कोई रास्ता नहीं बचा है, जब तक कि कोर्ट फीस प्रपोज़ल की जांच करने, स्कूल अकाउंट्स का ऑडिट करने और नियमों के उल्लंघन के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए एक तय और समय-सीमा वाला सिस्टम नहीं बनाता। जब कोर्ट खुद ही आदेश दे रहा है, तो किससे पेरेंट्स की उम्मीद टूट जाती है। उन्होंने कहा, कोर्ट सही व्यवस्था करने में नाकाम रहा है। फैसला डिवीजन बेंच के फैसले के खिलाफ नहीं जा सकता।

**स्कूलों ने पहले तय सीमा से ज़्यादा चार्ज किया**

कोर्ट ने कहा कि छ्रश्व मुनाफ़ाखोरी और कमर्शियलाइज़ेशन को रोकने के लिए फ़ीस को रेगुलेट कर सकता है, लेकिन प्राइवेट बिना मदद वाले स्कूलों के फ़ाइनेंस को माइक्रो-मैनेज नहीं कर सकता। अभिभावक इस बात पर चिंता जताते हैं कि क्या डॉल के लिए प्रस्तावित फीस स्ट्रक्चर का प्रॉफिटियरिंग या फंड के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए काफी होगा। मैटी ने आरोप लगाया कि स्कूलों ने पहले तय सीमा से ज़्यादा चार्ज किया है।

**कानूनी चुनौती और विरोध पर विचार कर रहे पेरेंट्स**

अभिवाकों का कहना है कि अगर यह ऑर्डर लागू रहता है, तो स्कूल कुछ सालों में 51,000 रुपये से 5 लाख रुपये तक बदल सकते हैं, मैनरी ने कहा, और कहा कि माता-पिता कानूनी चुनौती और विरोध पर विचार कर रहे हैं। महेश मिशेस, जो द्वारका के एक सोशल वर्कर हैं और चाइल्डलॉस्टडीज़ करते हैं, ने कहा कि इटिस्ट पेरेंट्स, स्टूडेंट्स जो यूके में हैं, वे एक गलत सिस्टम के नतीजों को झेल रहे हैं। प्राइवेट शॉक के ये नतीजे, एक गलत सिस्टम का सीधा नतीजा हैं।

**सुरक्षा अधिकारों के लिए सड़क पर उतर सकते हैं अभिभावक**

उन्होंने कहा कि सुरक्षा अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरने के अलावा कोई चारा नहीं है। इससे पेटिट्स के बीच भरोसा कम हुआ है, हेविड। अगर समस्या की जड़ है गुरुवार को, क्या एक बार फिर उसी सिस्टम पर ज़िम्मेदारी डालना समझदारी होगी जो पहले ही खत्म हो चुका है? अपने आदेश में, जस्टिस अनूप खंभानी ने प्राइवेट स्कूलों के दिए गए प्रस्तावों को खारिज करने वाले छ्रह्र के आदेशों को यह कहते हुए रद्द कर दिया कि एकेडमिक सेशन की शुरुआत में क्षछ्रह्र की मंजूरी न देना कानूनी तौर पर जायज़ था। कोर्ट ने कहा कि वह परडिटरिंग, कमेडलाइज़ेशन या कैपिटेशन फीस को रेगुलेट कर सकता है, लेकिन प्राइवेट गैर-सरकारी स्कूलों के फाइनेंस को माइक्रो-मैनेज नहीं कर सकता।

# मुबारकपुर डबास में वाल्मीकि समाज के लिए नई उम्मीद- Tiger Group करेगा मंदिर का पुनर्निर्माण

नई दिल्ली, (ए.के. चौधरी) मुबारकपुर डबास गांव में वर्षों से जर्जर अवस्था में पड़े वाल्मीकि मंदिर को अब नई पहचान मिलने जा रही है। मंदिर के पुनर्निर्माण और विकास की जिम्मेदारी Tiger Group ने उठाई है। इस पुण्य कार्य की शुरुआत अजय चौधरी उर्फ अंजू भाई ने 50,000 रुपये की सहयोग राशि देकर की। उनके इस कदम के बाद समाज के युवाओं में नया उत्साह देखने को मिला।

Tiger Group के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक परचा के नेतृत्व में समाज के युवा लगातार समाज सेवा के कार्यों में जुटे हैं। मंगलवार को समूह के सभी सदस्य मंदिर स्थल पर पहुंचे और निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वाल्मीकि समाज को भरोसा दिलाया कि यह मंदिर केवल भवन नहीं, बल्कि समाज के सम्मान, एकता और संस्कृति का प्रतीक बनेगा। स्थानीय लोगों ने Tiger Group के प्रयासों की सराहना की। समाज के लोगों का कहना है कि उन्हें इन युवाओं पर गर्व है जो निस्वार्थ भाव से समाज और धर्म के लिए कार्य कर रहे हैं।




## 116 नम्बर रेलवे फाटक के पास खून से लतपथ मिला सफाई कर्मचारी

**हाथ व गर्दन की नस कटी मिलने से मचा हड़कंप**

**गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रेफर**



भटनी देवरिया।

नगर पंचायत भटनी में कार्यरत सफाई कर्मचारी राजेश बासफोर निवासी हतवा गाँव रविवार को 116 नम्बर रेलवे फाटक के समीप संदिग्ध परिस्थितियों में बेहोशी की हालत में मिला। उसके हाथ और गर्दन की नस कटी हुई दिखाई देने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रेलवे फाटक के पास खून से लथपथ हालत में पड़े राजेश को देखकर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भटनी लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही भटनी पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुट गई। पुलिस घटना के हर पहलू को ध्यान में रखते हुए मामले की छानबीन कर रही है। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

## ट्रेन में अचेत मिला युवक, जहर खुरानी की आशंका

कप्तानगंज, कुशीनगर।



कप्तानगंज रेलवे जंक्शन पर रविवार सुबह सीवान से आने वाली 55115 पैसेंजर ट्रेन में एक युवक अचेत अवस्था में मिलने से रेलवे प्रशासन में हड़कंप मच गया। युवक की हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। चिकित्सकों ने प्रथम दृष्ट्या जहर खुरानी की आशंका जताई है। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह लगभग 8:35 बजे सीवान से कप्तानगंज पहुंची 55115 पैसेंजर ट्रेन प्लेटफार्म संख्या-1 पर पहुंची। ट्रेन की नियमित जांच के दौरान आरपीएफ जवानों को एक बोगी में लगभग 38 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा मिला। आरपीएफ ने तत्काल इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर द्वारा रेलवे अस्पताल के फार्मासिस्ट को मौके पर बुलाया गया। प्राथमिक जांच के बाद युवक को बेहतर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया। हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वर्तमान में युवक का उपचार आरपीएफ की निगरानी में कराया जा रहा है। युवक की तलाशी के दौरान उसके पास से बलिया से सीवान तक का मेल-एक्सप्रेस ट्रेन का टिकट बरामद हुआ है। हालांकि उसकी पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. फैसल अब्बास ने बताया कि युवक अचेत अवस्था में रेलवे पुलिस द्वारा अस्पताल लाया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला जहर खुरानी का प्रतीत होता है।

अक्सर जहर खुरान गिरोह ट्रेन यात्रियों को नशीला पदार्थ खिलाकर उनकी नकदी और सामान लेकर फरार हो जाते हैं। घटना के बाद रेलवे पुलिस युवक की पहचान करने तथा मामले की जांच में जुट गई है।

## पडरौना में सोमवार सुबह चार घंटे बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

पडरौना, कुशीनगर । विद्युत उपकेंद्र पडरौना के अंतर्गत न्यू 5 एमवीए परिवर्तक के स्थापना कार्य के चलते सोमवार 25 मई 2026 को सुबह 6 बजे से 10 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता सुरेंद्र कुमार ने बताया कि विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं सुचारु बनाने के उद्देश्य से विद्युत उपकेंद्र पडरौना में नए 5 एमवीए परिवर्तक का स्थापना कार्य कराया जा रहा है। कार्य के दौरान सुरक्षा कारणों से संबंधित क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रखी जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित समय से पूर्व बिजली से संबंधित आवश्यक कार्य पूर्ण कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। विद्युत विभाग के अनुसार कार्य पूरा होने के बाद विद्युत आपूर्ति पुनः बहाल कर दी जाएगी।

## तमकुही राज ओवरब्रिज के पास सड़क हादसे में महिला गंभीर घायल

तमकुही राज,कुशीनगर । जनपद के तमकुही राज थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर करीब 1 बजे हुए सड़क हादसे में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान ग्राम सभा बसडिला बुजुर्ग निवासी 28 वर्षीय नीतू देवी पत्नी बाबूलाल गोड के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाबूलाल गोड अपनी पत्नी नीतू देवी के साथ मोटरसाइकिल से तमकुही राज की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तमकुही राज ओवरब्रिज के समीप बाइक अनियंत्रित होकर असंतुलित हो गई, जिससे नीतू देवी सड़क पर गिर पड़ीं। हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट आई। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस एवं परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल महिला को जिला अस्पताल रविंद्र नगर धूस पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद नीतू देवी को निगरानी में भर्ती कर लिया। डॉक्टरों के अनुसार सिर में गंभीर चोट होने के कारण उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। परिजनों ने बताया कि महिला का उपचार जारी है।

## पडरौना विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की संगठनात्मक बैठकें संपन्न



कुशीनगर।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के उद्देश्य से रविवार 24 मई को पडरौना विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न शक्ति केंद्रों पर संगठनात्मक बैठकें आयोजित की गईं। बैठकें पिपरा बाजार राम जानकी मंदिर, पिपरा बाजार शक्ति केंद्र, जंगल बकुलहा जूनियर हाई स्कूल जंगल बकुलहा तथा नरचोवा बहोरा रामनगर में संपन्न हुईं। इस दौरान संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मंडल अध्यक्ष महेश रौनियार ने कहा कि संगठन की शक्ति ही विजय का आधार होती है। समर्पित कार्यकर्ता और मजबूत रणनीति के माध्यम से ही विकास का संकल्प जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने शक्ति केंद्र प्रभारियों, संयोजकों एवं बूथ अध्यक्षों से शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार बूथ स्तर पर संगठनात्मक कार्यों को पूर्ण करने का आह्वान किया। बैठक में ÷मन की बात÷ कार्यक्रम पर चर्चा एवं टिफिन बैठक की रूपरेखा तैयार करने, बूथवार जातीय समीकरण की सूची बनाने, बूथ प्रभारी एवं बूथ पालक नियुक्त करने, बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुख गठन करने तथा बूथवार मठ-मंदिर एवं महंत-पुजारियों की सूची तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया। शक्ति केंद्र संयोजकों के साथ संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी कार्ययोजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सशक्त संगठन, सक्रिय कार्यकर्ता और जनसेवा का संकल्प ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। बैठक में मंडल अध्यक्ष दिनेश राय, शक्ति केंद्र संयोजक भोला जायसवाल, हरीश पांडेय, शक्ति केंद्र प्रभारी विनय जायसवाल एवं शशिकांत पांडेय, बूथ अध्यक्ष बालक पासवान, हरिंदर कुशवाहा, काशीनाथ गौतम, जयराम त्रिपाठी, द्वारिका मिश्रा, ओमप्रकाश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छितौनी के विकास मुद्दों को लेकर जिलाधिकारी से मिले समाजसेवी



खड्डा, कुशीनगर।

नगर पंचायत छितौनी के विकास से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं जनहित के मुद्दों को लेकर पत्रकार एवं समाजसेवी ओमप्रकाश कुमार भास्कर तथा दिवाकर कुमार ने जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने नगर क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। मुलाकात के दौरान बिजली, पेयजल, सड़क व्यवस्था, पनियहवा स्थित नारायणी नदी घाट की सफाई तथा शिव मंदिर के सुंदरीकरण सहित कई विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। समाजसेवी ओमप्रकाश भास्कर ने जनहित से जुड़े इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने की मांग उठाई। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित स्थलों का शीघ्र निरीक्षण कराने तथा आवश्यक कार्यों को नियमानुसार पूरा कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। इस मुलाकात के बाद स्थानीय लोगों में उम्मीद जगी है कि नगर पंचायत छितौनी की प्रमुख समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा तथा विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।